# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-12

द्वितीय (बजट) सत्र
गुरुवार, दिनांक-19 मार्च, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 05.14 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.विविध चर्चायें:-

माननीय सदस्य, श्री भानु प्रताप शाही द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही कसमार में भूखल घासी की भूख से हुई मौत की न्यायिक जाँच हेतु आसन से आग्रह किया जाने लगा जिसके समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशत: माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त पोस्टर लेकर सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे।

### 2.कार्यस्थन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश भाई पटेल एवं अन्य द्वारा कुर्मी जाति को अनुसूचित जाति में सम्मिलित किये जाने, माननीय सदस्य, श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा दिनांक-16.03.2020 को कसमार (बोकारो) में भूख से हुई मौत की जाँच तथा आश्रितों को नौकरी और मुआवजे की माँग सम्बन्धी दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया तथा इनके नियमानुकूल नहीं होने की स्थिति में अमान्य किया गया।

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री सरयू राय ने अपने पूर्व के अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर ऊर्जा विभाग से अप्राप्त होने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया तथा राँची में हुडको द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिड्यूल एरिया में आवास बनाकर बाहर के लोगों को बसाये जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए इस योजना को बन्द किये जाने का अनुरोध माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की द्वारा किया गया।

### 3.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-04

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-03, | अ० सू०-114 श्री राज सिन्हा, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-115 श्री लम्बोदर महतो, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-116 श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता, | स० वि० स०। |
| (ख) अनागत मात्र-01, | अ० सू०-117 श्री लम्बोदर महतो, | स० वि० स०। |

#### (ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-34

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-05, | तारां०-481 श्री केदार हजरा, | स० वि० स०, |
| | तारां०-482 श्री भानु प्रताप शाही, | स० वि० स०, |

क्र०पृ०उ०

तारां०-483 श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह स० वि० स०,

(आदेश से माननीय सदस्य, श्री राजेश कच्छप द्वारा पूछा गया।)

तारां०-484 श्री मथुरा प्रसाद महतो, स० वि० स०,

तारां०-485 श्री इन्द्रजीत महतो, स० वि० स०।

(ख) अनागत कुल-29, तारां०-486 से तारां०-514 तक।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, डॉ० सरफराज अहमद, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, श्री प्रदीप यादव एवं श्री स्टीफन मराण्डी ने विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरों में प्रयुक्त अवांछित शब्दों पर आपत्ति दर्ज की। इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार यादव ने पूरे हजारीबाग जिले के प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा कतिपय लोगों का नाम निरस्त कर वृद्धा पेंशन निर्गत नहीं किये जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट किया।)

**4.शून्यकाल:-**

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री उमाशंकर अकेला,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री बंधु तिर्की,
श्री किशुन कुमार दास,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री रामदास सोरेन,
श्री जिगा सुसारन होरो,
श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
श्री दशरथ गागराई,
श्री निरल पुरती,
श्री इन्द्रजीत महतो,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री संजीव सरदार,
श्री केदार हजरा,
श्री बिरंची नारायण,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री नारायण दास,
श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता एवं
श्री समीर कुमार महांती।

क्र०पृ०उ०

## 5.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना:-

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने आसन से आग्रह किया कि आज सदन मे शून्यकाल के माध्यम से लगभग 80 प्रतिशत माननीय सदस्यों ने विधायक निधि की राशि बढ़ोत्तरी हेतु आग्रह किया है, अतएव इसपर नियमन देने की कृपा की जाय। इस क्रम मे माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया कि उनके ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को भी वक्तव्य हेतु लिया जाय।)

i- माननीय सदस्य, श्री वैद्यनाथ राम से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी **जिसे जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु सरकारी वक्तव्य के क्रम में प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द किया गया,**

iii- माननीय सदस्य, श्री सुदेश कुमार महतो से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 6.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री चम्पाई सोरेन द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानों की माँगो खण्ड-(07) नगर विकास एवं आवास विभाग (नगर विकास प्रभाग), नगर विकास एवं आवास विभाग (आवास प्रभाग), परिवहन विभाग (नागर विमानन प्रभाग), सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा परिवहन विभाग (परिवहन प्रभाग) की माँगें सभा मे प्रस्तुत की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री सरयू राय द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री सरयू राय ने चर्चा प्रारंभ की तदुपरांत पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री नवीन जयसवाल,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्री प्रदीप यादव,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री मनीष जयसवाल,
(इस अवसर पर सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री अमित कुमार यादव।

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री नारायण दास द्वारा सूचना दिये जाने दौरान अपनी आंतरिक भावनाओं को भी व्यक्त किया गया।

नोट:- दिनांक-18.03.2020 को कटौती प्रस्ताव पर हुई चर्चा में माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण एवं माननीय सदस्य, श्री सुदिव्य कुमार ने भी भाग लिया।

इसके उपरांत सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री चम्पाई सोरेन द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(07) नगर विकास एवं आवास विभाग (नगर विकास प्रभाग), नगर विकास एवं आवास विभाग (आवास प्रभाग), परिवहन विभाग (नागर विमानन प्रभाग), सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा परिवहन विभाग (परिवहन प्रभाग) पर उत्तर दिया गया। सरकारी उत्तरोपरांत माननीय सदस्य, श्री सरयू राय द्वारा कटौती का प्रस्ताव वापस लिया गया। इसके बाद उक्त मांगें सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुई तत्पश्चात् **सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-20 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वा॰ तक के लिये स्थगित की गयी।**

राँची,

दिनांक- 19 मार्च, 2020 ई॰।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।